सदैव पाठकों के साथ
नवभारत

उद्यमियों के लिए डीएलसी का इंदौर चैप्टर शुरू

इंदौर . इंदौर से नाता रखने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले दुनिया के पहले बिजनेस प्लेटफॉर्म डेला लीडर्स क्लब (डीएलसी) के संस्थापक जिमी मिस्त्री ने शहर के उद्यमियों के लिए डेला ग्रुप के इंदौर चैप्टर की शुरुआत की . इस अवसर पर श्री मिस्त्री ने कहा कि इंदौर हमेशा मेरे बहुत करीब रहा है क्योंकि मेरी जड़ें यहीं हैं . ऐसा लगता है कि मैं डीएलसी इंदौर चैप्टर लॉन्च के साथ घर वापस आ गया हूं . शहर ने जबरदस्त विकास क्षमता दिखाई है और यह उद्यमियों और युवाओं की भूमि है . हम डीएलसी के ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर इंदौर का सह-निर्माण, सहयोग और प्रदर्शन करना चाहते हैं . जेआरडी टाटा के नक्शेकदम पर चलने वाले मिस्त्री कहते हैं कि आप जिस भी व्यवसाय में हैं, निष्पक्ष और ईमानदार तरीके से लोगों और अपने देश की जरूरतों को पूरा करें . इंदौर में शुरू हुए डीएलसी के इंदौर चैप्टर से इंदौर के युवाओं को और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किस तरह से बिजनेस को ले जाया जाता है उडीएलसी के 6 चैप्टर न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर, बैंकॉक जैसे शहरों के साथ साथ इंदौर समेत 9 भारतीय शहरों में भी हैं . डीएलसी इंदौर चैप्टर को लिंक्डइन के सह-संस्थापक नेविल गौंट और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) रेमंड नोरोन्हा ने लांच किया .